# दिल्ली विकास प्राधिकरण

वि.एन. नं.: 06/2024/पीबी–1/डीडीए

## विषयः– डीडीए में प्रतिनियुक्ति आधार पर मुख्य विधि सलाहकार के पद को भरना

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा डीडीए में प्रतिनियुक्ति आधार पर ग्रेड वेतन रु. 8700/– के साथ पीबी–4 (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–13 में संशोधित) में **मुख्य विधि सलाहकार के पद को भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध–सरकारी/स्वायत्त या वैधानिक निकायों** के तहत कानूनी विषयों/ मामलों को देखने वाले पात्र अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**पात्रता शर्तें निम्नलिखित हैं:–**

**"केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध–सरकारी/स्वायत्त या वैधानिक निकायों के तहत कानूनी विषयों/मामलों को देखने वाले पात्र अधिकारी जिन्होंने:–**

**(क) (i) कैडर/मूल विभाग में नियमित आधार पर समान पद धारण किया हो; या**

**(ii) ग्रेड वेतन रु. 7600/– के साथ वेतन बैंड–3, रु. 15600–39100/– में या समकक्ष पद पर 5 वर्ष की सेवा की हो; और**

**(ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कानून में नियमित डिग्री (उम्मीदवार को बार में पंजीकरण और अदालतों के समक्ष उपस्थित होने का अधिकार) हो और अधिमानतः भूमि अधिग्रहण, संपत्ति के हस्तांतरण, राजस्व और सेवा मामलों आदि को देखने का अनुभव होना चाहिए:–**

**सामान्य शर्तें:**

1. उम्मीदवारों को मूल विभाग में कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी के माध्यम से प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ संलग्न डीओपीटी द्वारा ओएम नंबर एफ नं. एबी.14017/28/2014–स्था. (आरआर) दिनांक 02.07.2015 द्वारा निर्धारित **बायोडाटा/जीवनवृत्त (सीवी) प्रोफार्मा** में आवेदन करना चाहिए। कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी को "नियोक्ता/कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी द्वारा प्रमाण पत्र" भी अनिवार्य रूप से भरना चाहिए, जो निर्धारित आवेदन प्रारूप का एक हिस्सा है।
2. निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन संबंधित कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी द्वारा यह प्रमाणित करते हुए अग्रेषित किया जाना चाहिए कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हैं।
3. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।
4. **प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभ में 03 वर्ष के लिए होगी, जिसे वर्ष–दर–वर्ष आधार पर पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, हालांकि, इस अवधि को दिल्ली विकास प्राधिकरण के विवेक पर अवधि पूरी होने/विस्तारित अवधि से पहले किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें डीओपीएंडटी द्वारा जारी ओएम नं. 6/8/2009–स्था (वेतन II) दिनांक 17.06.2010 के प्रावधानों द्वारा शासित होंगी।**
5. मूल विभाग में ग्रुप 'ए' अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले पांच वर्षों के एपीएआरएस के साथ नवीनतम विजिलेंस क्लीयरेंस रिपोर्ट सहित लंबित और निपटाए गए अनुशासनात्मक/आपराधिक मामलों का विवरण और लगाए गए दंड का विवरण, यदि कोई हो, भी प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
6. आवेदकों का अनुभव एक्स–कैडर पद के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के अनुरूप और प्रासंगिक होना चाहिए।
7. यदि वेतन ढांचा केंद्र सरकार से भिन्न है, तो 7वीं सीपीसी के आधार पर केंद्र सरकार के तुल्य वेतन ढांचे का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।
8. यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि आवेदन में मूल वेतनमान/वेतन बैंड+ग्रेड वेतन/वेतन मैट्रिक्स में लेवल का उल्लेख किया जाना चाहिए क्योंकि डीडीए द्वारा केवल मूल पद और वेतनमान/वेतन बैंड+ग्रेड वेतन/वेतन मैट्रिक्स में लेवल पर विचार किया जाएगा। एसीपी/एमएसीपी/एनएफएसजी/एनएफयू आदि के तहत वित्तीय उन्नयन को अलग से दिखाया जाना चाहिए।

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन **आयुक्त (कार्मिक) कार्यालय, दिल्ली विकास प्राधिकरण, ब्लॉक ई–1, भूतल, विकास सदन, नई दिल्ली–110023 में 15.10.2024 तक या उससे पूर्व** पहुंच जाना चाहिए। अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

**हस्ता./–**
**आयुक्त (कार्मिक)**

ddaofficial official_dda official_dda_ पर हमें फॉलो करें।
कृपया हमारी वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टोल फ्री नंबर 1800110332 डायल करें।

# दिल्ली विकास प्राधिकरण

**वी.एन. नं.: 06/2024/पीबी–1/डीडीए एवं वी.एन. नं.: 08/2024/पीबी–1/डीडीए**

## रिक्ति सूचना

### डीडीए में प्रतिनियुक्ति आधार पर मुख्य विधि सलाहकार के पद और उप मुख्य विधि सलाहकार (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–12) के 1 चयनित पद को भरने के संबंध में आवेदन की अंतिम तिथि में विस्तार

1. दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा रिक्ति सूचना वी.एन. नं. 06/2024/पीबी–1/डीडीए दिनांक 10.07.2024 (प्रति संलग्न) द्वारा डीडीए में प्रतिनियुक्ति आधार पर ग्रेड वेतन रु. 8700/– के साथ पीबी–4 (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–13 में संशोधित) में मुख्य विधि सलाहकार के पद को भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/अर्ध–सरकारी/स्वायत्त या वैधानिक निकायों के तहत कानूनी विषयों/मामलों से निपटने से जुड़े पात्र अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये गये हैं और इसके लिए पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 29.07.2024 थी। अब इसे बढ़ाकर **15.10.2024** तक कर दिया गया है।

2. दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा रिक्ति सूचना वी.एन. नं. 08/2024/पीबी–1/डीडीए दिनांक 16.07.2024 (प्रति संलग्न) के माध्यम से डीडीए में प्रतिनियुक्ति आधार पर ग्रेड वेतन रु. 7600/– के साथ पीबी–3, रु. 15600–39100 (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–12 में संशोधित) में उप मुख्य विधि सलाहकार के 01 पद को भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध–सरकारी/केन्द्रशासित प्रशासन/सांविधिक संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत योग्य अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये गये हैं और इसके लिए पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.08.2024 थी। अब इसे बढ़ाकर **15.10.2024** तक कर दिया गया है।

उपर्युक्त पदों के संबंध में आवेदन के प्रारूप के साथ आवश्यक योग्यता, अधिकतम आयु सीमा और अनुभव आदि की पूरी अधिसूचना डीडीए की वेबसाइट **www.dda.gov.in** पर उपलब्ध है। उपर्युक्त रिक्ति अधिसूचना की अन्य सभी निबंधन एवं शर्तें समान रहेंगी।

**हस्ता./–**
**आयुक्त (कार्मिक)**

ddaofficial  official_dda  official_dda_ पर हमें फॉलो करें।
कृपया हमारी वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टोल फ्री नंबर 1800110332 डायल करें।